Roll No. ....

9661

B. A./LL. B. 1st Semester (5 Year Course)

(New Scheme)

Examination – November, 2016

HINDI

Paper : P-I

Time : Three Hours] *[Maximum Marks : 80*

प्रश्नों के उत्तर देने से पहले परीक्षार्थी यह सुनिश्चित कर लें कि उनको पूर्ण एवं सही प्रश्न-पत्र मिला है। परीक्षा के उपरान्त इस सम्बन्ध में कोई भी शिकायत नहीं सुनी जायेगी।

नोट : ***सभी*** प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए।

1. किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $7 \times 2 = 14$

(क) "उसने कहा था" नामक कहानी की मूल संवेदना लिखिए।

अथवा

'रोज' कहानी की प्रमुख समस्या पर विचार कीजिए।

(ख) 'पाजेब' कहानी के आधार पर आशुतोष की चारित्रगत विशेषताएँ लिखिए।

अथवा

'अमृतसर आ गया है' – नामक कहानी के आधार पर दुबले-पतले बाबू की चरित्रगत विशेषताएँ लिखिए।

2. किन्हीं ***दो*** की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : $7 \times 2 = 14$

(क) "तीनों ने एक दूसरे का हाथ पकड़ रखा था। शुरू जाड़े के हल्के बादल थे और वे बहुत सफेद थे .... समूचे पहाड़ी शहर पर एक पीली-सी छाया उतर आयी थी। आखिरी धूप के धब्बे चीड़ की सुइयों पर लिपट गये थे .... सोने के छल्लों से .... और हवा खामोश थी।"

अथवा

"हल्कू ने रुपये लिये और इस तरह बाहर चला, मानो अपना हृदय निकालकर देने जा रहा हो। उसने मजूरी से एक-एक पैसा काट-काटकर तीन रुपये कम्बल के लिए जमा किए थे। वह आज निकले जा रहे थे। एक-एक पग के साथ उसका मस्तक अपनी दीनता के भार से दबा जा रहा था।"

(ख) "बिरजू की माँ ने अपनी नाक पर दोनों आँखों को केन्द्रित करने की चेष्टा करके अपने रूप की झाँकी ली," लाल साड़ी की झिलमिल किनारी, मँगटिक्का पर चाँद। .... बिरजू की माँ के मन में अब और कोई लालसा नहीं। उसे नींद आ रही है।"

अथवा

"नरेंद्र ने बड़ी तत्परता से बिस्तर बाँधा और रिक्शा बुला लाया। गजाधर बाबू का टीन का बक्स और पतला-सा बिस्तर उस पर रख दिया गया। नाश्ते के लिए लड्डू और मठरी की डलिया हाथ में लिये गजाधर बाबू रिक्शे पर बैठ गये। दृष्टि उन्होंने अपने परिवार पर डाली। फिर दूसरी ओर देखने लगे और रिक्शा चल पड़ा।"

3. (क) न्यायपालिका की स्वतंत्रता के पक्ष-विपक्ष में विचार दीजिए। 7 × 2 = 14

अथवा

सूचना के अधिकार के पक्ष-विपक्ष में विचार दीजिए।

(ख) प्रशासनिक भ्रष्टाचार के विपक्ष में विचार दीजिए।

अथवा

समाज के कमजोर समूहों पर हो रहे हमलों की रोकथाम के उपाय लिखिए।

4. किन्हीं ***सात*** विधि शब्दों के अंग्रेजी शब्द लिखकर हिन्दी में वाक्य बनाइए : 7 × 2 = 14

अधिकार पृच्छा, अधिपत्र, अंतरिम अनुतोष, अपराध करने में अक्षम, अश्लील, आपराधिक धमकी, आपराधिक मन स्थिति, कठोर कारावास, कार्य प्रणाली, घोषणा पत्र, जमानत मंजूर करना, दावेदार, न्यायालय की अभिरक्षा, निरसन।

5. *सभी* प्रश्न *अनिवार्य* हैं तथा सभी के समान अंक हैं।

3 × 8 = 24

(i) 'गुण्डा' नामक कहानी की मूल संवेदना पर नोट लिखिए।

(ii) 'हल्कू' के चरित्र पर नोट लिखिए।

(iii) कथाभूमि की सभी कहानियों के नाम लिखिए।

(iv) परदा कहानी के भावार्थ पर टिप्पणी दीजिए।

(v) न्यायालयों में लम्बित मामलों को निपटाने में आ रही बाधाओं पर टिप्पणी कीजिए।

(vi) कॉलिजियम (उच्चतर न्यायपालिका में न्यायाधीश की व्यवस्था) पर टिप्पणी लिखिए।

(vii) अधिप्रमाणित और एकपक्षीय आदेश के अंग्रेजी शब्द लिखकर हिन्दी में वाक्य बनाइये।

(viii) कानूनी निकाय और जिला एवं सत्र न्यायालय के अंग्रेजी शब्द लिखकर हिन्दी में वाक्य बनाइये।